आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 09.04.2024
समय 1830

मुख्य समाचारः–

- निर्वाचन आयोग ने चुनाव के दौरान गर्मी और लू से मतदान कर्मियों तथा मतदाताओं की सुरक्षा के लिए आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए।
- प्रदेश में राजनीतिक दलों सहित निर्दलीय उम्मीदवारों ने लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज किया।
- परिवहन विभाग ने पिछले वित्तीय वर्ष में देहरादून, हरिद्वार, टिहरी और उत्तरकाशी जिले से 700 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व प्राप्त किया।
- विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री धाम के कपाट 10 मई को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले जाएंगे।

निर्देश–मुख्य निर्वाचन अधिकारी

राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव के दौरान मौसम खराब होने और गर्मी तथा लू से मतदान कर्मियों और मतदाताओं की सुरक्षा के लिए आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर बी. वी.आर.सी पुरुषोत्तम ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से मार्च से जून महीने तक लू से बचाव के लिए दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों और प्रथम चरण में हो रहे निर्वाचन को देखते हुए मैदानी जिलों में लू से बचाव के लिए शहरी विकास विभाग और जल संस्थान सहित अन्य सभी विभाग आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। देहरादून स्थित सचिवालय में संबंधित विभागों के साथ बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केन्द्रों पर छाया, पानी, कूलर, पंखों आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने पर्वतीय जिलों में मतदान कार्मिकों को आवश्यक रूप से गर्म कपड़े साथ रखने व कार्मिकों के रुकने वाले स्थलों में बिस्तर आदि की व्यवस्था दुरुस्त रखने को भी कहा। बैठक के दौरान श्री पुरुषोत्तम ने स्वास्थ्य महानिदेशक को मतदान के दिन गर्भवती महिलाओं के लिए डोली की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए।

लोकसभा चुनाव–भाजपा प्रचार

लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी पांच सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होना है। मतदान का समय नजदीक आने के साथ ही राजनीतिक दलों ने जनता को लुभाने के प्रयास शुरू कर दिये हैं। कांग्रेस पार्टी चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी कर चुकी है और उम्मीद है कि जल्द ही भाजपा भी अपना चुनावी घोषणापत्र जारी करेगी। इस बीच, राजनीतिक पार्टियों का एक दूसरे पर आरोप–प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कांग्रेस, लोकसभा चुनाव में केवल औपचारिकता पूरी कर रही है। पौड़ी जिले के घुमाकोट बाजार में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि इस बार कांग्रेस में टिकट बांटने से पहले ही बहुत से लोग चुनाव टिकट न लेने के लिए सिफारिश कर रहे थे। सरकार की नीतियों की चर्चा करते हुए श्री धामी ने कहा कि वर्तमान सरकार जरूरतमंद लोगों को ध्यान में रखकर योजनांए बनाती है।

लोकसभा चुनाव–कांग्रेस प्रचार

इधर, गढ़वाल लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने आज रुद्रप्रयाग विधानसभा के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क कर क्षेत्रीय जनता से बातचीत की और अपने पक्ष में समर्थन मांगा। वही, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने अल्मोड़ा जिले के रानीखेत कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर

आगामी चुनावी रणनीति पर चर्चा की। इस दौरान श्री माहरा ने कांग्रेस की न्याय गारंटी को आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। उधर, ऊधमसिंह नगर में बाजपुर विधानसभा के बेरिया दौलत गांव में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या ने नुक्कड़ सभा को संबोधित किया और नैनीताल लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी प्रकाश जोशी के समर्थन में जनता से मतदान की अपील की।

इंडी गठबंधन—पत्रकार वार्ता

इंडी गठबंधन ने जिला मुख्यालय गोपेश्वर में पहली बार संयुक्त पत्रकार की। गठबन्धन में शामिल कांग्रेस पार्टी, भाकपा, माकपा, भाकपा (माले), और आम आदमी पार्टी ने देश में परिवर्तन के साथ ही युवाओं के लिए रोजगार, किसानों के लिए राहत, महिलाओं की आर्थिक सामाजिक सुरक्षा, बढ़ती मंहगाई पर रोक, पर्यावरण कानूनों को लागू करने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए कदम उठाने के वायदे के साथ जनता से मत और समर्थन की अपील की। इस दौरान गठबंधन में शामिल सभी दलों के जिला स्तर के पदाधिकारी मौजूद रहे, जिन्होंने गढ़वाल संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल को वोट करने की अपील की। गठबंधन से जुड़े भाकपा (माले) के प्रदेश सचिव इंद्रेश मैखुरी ने भाजपा पर आरोप लगाया कि उनकी पार्टी पिछले दस सालों में जनता से किए वायदे पूरे नहीं किये।

होम वोटिंग—चमोली

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाताओं को घर से ही मतदान करने की सुविधा दी जा रही है। इसी कड़ी में चमोली जिले के 83 दिव्यांग और 237 वरिष्ठ मतदाताओं ने होम वोटिंग सुविधा के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिले के तीन दिव्यांग और 22 बुजुर्ग मतदाताओं को घर से ही मतदान करवाने के लिए 10 अप्रैल को एक बार फिर से वोटिंग प्रक्रिया संचालित की जाएगी। उधर, रूद्रप्रयाग जिले में आज पोलिंग पार्टियों ने घर—घर जाकर आज 74 बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को मतदान कराया। जिले में अब तक 238 बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

राजस्व संग्रह

परिवहन विभाग ने देहरादून, हरिद्वार, टिहरी और उत्तरकाशी जिले से 700 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व प्राप्त किया है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सुनील शर्मा ने बताया कि इन चार जिलों से प्राप्त यह राजस्व पिछले वर्ष की तुलना में 87 करोड़ रुपए ज्यादा है। उन्होंने कहा कि इस नए वित्तीय वर्ष में यह राजस्व धनराशि और अधिक बढ़ाने के प्रयास किए जांएगे।

तिथि निर्धारित

उत्तरकाशी स्थित विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर आगामी 10 मई को दोपहर 12 बजकर 25 मिनट पर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिये जांएगे। आज पांच गंगोत्री मंदिर समिति के कार्यालय में कपाट उद्घाटन का मुहूर्त निकाला गया। गौरतलब है कि केदारनाथ धाम के कपाट भी 10 मई को खुल रहे हैं, जबकि बदरीनाथ धाम के कपाट 12 मई को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिये जांएगे। प्रदेश में चारधाम यात्रा को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इस बार भी यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए पंजीकरण करना अनिवार्य रहेगा। चमोली जिले के देवाल विकास खंड के वाण गांव में स्थित प्रसिद्ध भगवान लाटू मंदिर के कपाट 23 अप्रैल को विधि विधान से भक्तों के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। लाटू मंदिर समिति के अध्यक्ष कृष्णा बिष्ट की अध्यक्षता में मंदिर के कपाट खोलने का शुभ मुहूर्त निकाला गया।

दुर्घटना

नैनीताल जिले के ऊंचाकोट में कल रात एक वाहन के अनियंत्रित होकर खाई में गिरने से आठ लोगों की मृत्यु हो गई। मृतकों में सात नेपाली मूल के नागरिक और एक स्थानीय व्यक्ति शामिल है। इस हादसे में दो लोग घायल हैं, जिनका उपचार किया जा रहा है। दुर्घटना का कारण वाहन का अनियंत्रित होना बताया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सड़क दुर्घटना पर गहरा दुःख जताया है।

हत्याकांड आरोपी मृत्यु

उधमसिंह नगर जिले में नानकमत्ता गुरुद्वारे के कारसेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपित शूटर अमरजीत सिंह की पुलिस ने मुठभेड़ में मौत हो गई। उत्तराखंड विशेष कार्यबल और हरिद्वार पुलिस ने संयुक्त रूप से थाना भगवानपुर क्षेत्र में यह कार्रवाई की। मौके से फरार अमरजीत के साथी की तलाश की जा रही है। गौरतलब है, 28 मार्च की सुबह नानकमत्ता में डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की दुपहिया वाहन सवार दो शूटरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सख्त कार्रवाई के निर्देश पर पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने विशेष टीम का गठन किया था।

नवरात्र

प्रदेश भर में चैत्र नवरात्र के पहले दिन मंदिरों और घरों में मां शैलीपुत्री का पूजन किया जा रहा है। सुबह से ही प्रसिद्ध शक्तिपीठों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। हरिद्वार में मां माया देवी, चण्डी देवी, मंशादेवी, काली माता मंदिर, शीतला माता मंदिर, सुरेश्वरी मंदिर, दक्ष प्रजापति समेत विभिन्न देवी मंदिरों में दर्शन और पूजा–अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी हुई है। टिहरी जिले के प्रसिद्ध सुरकंडा देवी, कुंजापुरी, पौड़ी जिले के धारी देवी मंदिर, देवगढ़, रुद्रप्रयाग जिले में कालीमठ, कालीशिला, जोशीमठ में नृसिंह मंदिर व नवदुर्गा मंदिर, उत्तरकाशी जिले में कुटेटी देवी व महिषासुरमर्दिनी मंदिर में भी श्रद्धालुओं की चंडी पाठ किए जा रहे हैं। राज्य के अन्य हिस्सों में भी नवरात्रि का पर्व श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। मंदिरों में देवी का विशेष श्रृंगार व पूजन करने के साथ ही मंदिरों में विशेष सजावट की गई है।

सेंसेक्स रिकॉर्ड

बम्बई शेयर बाजार का संवेदी सूचकांक आज सुबह रिकार्ड तोड़ तेजी के साथ पहली बार 75 हजार के आंकडे को पार गया और निफ्टी भी नए रिकॉर्ड शिखर पर पहुंच गया। शुरुआती कारोबार में बाजार की तेजी में आईटी शेयरों में खरीदारी का सबसे ज्यादा योगदान रहा। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स तीन सौ 81 अंकों के उछाल के साथ अब तक के सर्वाधिक 75 हजार एक सौ 24 के शिखर पर पहुंच गया। निफ्टी 99 अंक बढ़कर 22 हजार सात सौ 65 अंको पर पहुंचा।